DATE ________

Organised an lecture (Extension) on

राजकीय महिला महाविद्यालय में ब्यूटी एंड वैलनेस इंडस्ट्री पर व्याख्यान आयोजित

①

आज समाज नेटवर्क

अंबाला। राजकीय महिला महाविद्यालय अम्बाला शहर में प्राचार्या डॉ खुशीला के मार्गदर्शन में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ तथा कॉमर्स क्लब के द्वारा करियर काउंसिलिंग इन ब्यूटी एंड वैलनेस इंडस्ट्री विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया।

इस अवसर पर लैक्मे एकैडमी अम्बाला के एक्सपर्ट स्टाफ ने बतौर वक्ता शिरकत की। कार्यक्रम के उद्घाटन में वाणिज्य विभाग की अध्यक्षा डा निशा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं का अपनी पर्सनैलिटी के प्रति सचेत होना आवश्यक है ऐसे में इस तरह के व्याख्यान मेकअप प्रोडक्टस तथा एक्सपर्ट विधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रोफेसर गुंजन अरोड़ा ने व्याख्यान में सिखाए गए गुरों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर वर्ष इस तरह के व्याख्यानों का नियमित आयोजन किया जाता है ताकि छात्राएं वैलनेस इंडस्ट्री में अपना भविष्य बना सके। उन्होंने बताया कि लैक्मे एकैडमी अम्बाला शहर विद्यार्थियों को कई तरह के कोर्स काफी किफायती दामों पर करवाते हैं जिनका वर्तमान परिपेक्ष्य में काफी महत्व है। लगभग 100 से अधिक छात्राओं ने इस लैक्चर को अटैंड किया।

Gunjan Arora
Convener

Principal

Organised an extension lecture on

छात्राओं को विभिन्न टैक्सों से करवाया अवगत

कार्यक्रम में बोलते वक्ता व उपस्थित विद्यार्थी।

अम्बाला शहर, 10 सितम्बर (मुकेश): राजकीय महिला महाविद्यालय में कॉमर्स क्लब तथा उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की ओर से अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान योगेश मल्होत्रा द्वारा दिया गया। कॉमर्स क्लब प्रधान बी.कॉम तृतीय वर्ष से छात्रा गरिमा ने अतिथि का स्वागत करते हुए उन्हें विद्यार्थियों से रूबरू करवाया।

इस व्याख्यान के दौरान छात्राओं को विभिन्न प्रकार के टैक्स विशेष तौर पर जी.एस.टी., जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन व इसका महत्व तथा जी.एस.टी. रिटर्न फाइलिंग से अवगत कराया गया। कॉमर्स की विभागाध्यक्ष डा. निशा ने सभी छात्राओं को समझाया कि वर्तमान में जी.एस.टी. रिटर्न या इनकम टैक्स रिटर्न पर हुए लैक्चरर्स के माध्यम से जो ज्ञान प्राप्त किया जाता है। छात्राएं इसे अपने रोजगार का माध्यम भी बना सकती हैं। इस व्याख्यान के दौरान कॉमर्स विभाग से प्रो. सुभाष चंद्र, प्रो. विवेक कुमार व प्रो. गुंजन अरोड़ा उपस्थित रहे।

Gunjan Arora
Convener

Principal

मेले में स्टाल लगाकर सीखी उद्यमिता



अंबाला सिटी। उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय में दिवाली मेला लगाया गया। इस दौरान छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए जिसमें फूड स्टॉल्स, गेम स्टॉल्स, क्लोथिंग स्टॉल, साज सज्जा इत्यादि शामिल रहे। उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की प्रभारी गुंजन अरोड़ा ने बताया कि मेले के दौरान बेचे गए ज्यादातर उत्पाद छात्राओं द्वारा स्वयं बनाए गए थे। यह दिवाली मेला छात्राओं में उद्योग परंपरा को विकसित करने हेतु लगाया गया। प्राचार्या डॉक्टर खुशीला ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया ।आयोजन में इस दौरान प्रो निशा बुराक, प्रो सुप्रिया चोपड़ा और डॉ. पूजा मौजूद रहे। संवाद

Gunjan Arora
Convener

Principal

Organised Diwali Mela on 26 oct 2024

मेले में छात्राओं ने लगाए आकर्षक स्टाल

अम्बाला | राजकीय महिला महाविद्यालय सिटी में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ ने दिवाली मेले का आयोजन किया। इसका शुभारंभ प्राचार्या डॉ. खुशीला ने रिबन काट कर किया। मेले में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए। इसमें फूड स्टॉल्स, गेम स्टॉल्स, क्लोथिंग स्टॉल, साज-सज्जा इत्यादि शामिल रहे। उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ की प्रभारी गुंजन अरोड़ा ने बताया कि मेले के दौरान बेचे गए ज्यादातर उत्पाद छात्राओं द्वारा स्वयं बनाए गए थे। यह दिवाली मेला छात्राओं में उद्योग परंपरा को विकसित करने के लिए लगाया गया। प्राचार्या डॉ. खुशीला ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर उद्यमिता विकास की सदस्य प्रो. निशा बुराक, प्रो. सुप्रिया चोपड़ा व डॉ. पूजा मौजूद थीं।

Gunjan Arora
Convener

Principal